देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 10.02.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने प्रदेश में तहसील और थाना दिवसों को वर्षभर नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए।
- प्रमुख सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम ने टिहरी जिले की घनसाली तहसील में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर बैठक ली।
- पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज अल्मोड़ा में समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिला स्तरीय सपनों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन।
- बागेश्वर जिले के कपकोट में आयोजित राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता सम्पन्न। नैनीताल के मनीष उप्रेती ने पहला स्थान प्राप्त किया।

<u>मुख्य सचिव</u>

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने प्रदेश में जन–जन की सरकार कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए तहसील और थाना दिवसों को वर्षभर नियमित रूप से आयोजित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। सचिवालय में सचिव समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने इसके लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा। मुख्य सचिव ने खाद्य सुरक्षा के मापदण्डों का प्रवर्तन व निगरानी को और मजबूत करने के लिए टेस्टिंग लैब आदि बढ़ाए जाने तथा इससे संबंधित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुछ विभागों में श्रमिकों के लिए प्रयोग किए जा रहे लेबर कंप्लायंस टूल एक अच्छा प्रयास है और इसे प्रदेशभर में लागू किया जाना चाहिए, ताकि इससे श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण हो सके। मुख्य सचिव ने सचिवों से कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में कराए जाने वाले नए कार्यों के लिए 15 फरवरी तक स्वीकृतियां ले ली जाएं। उन्होंने प्रत्येक विभाग को अपने सभी कार्यों को लेकर वार्षिक कैलेण्डर तैयार करते हुए उसके अनुसार अपनी सभी गतिविधियों को संचालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

<u>प्रमुख सचिव</u>

प्रदेश सरकार के निर्देशों पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को उनकी पहली तैनाती वाली तहसीलों को गोद लेकर विकास कार्यों को गति देने की पहल शुरू की गई है। इसी कड़ी में प्रमुख सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम ने टिहरी जिले में अपनी पहली तैनाती रही घनसाली तहसील में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर एक बैठक की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि गोद ली गई तहसीलों में पर्यटन, तीर्थाटन, कृषि और बागवानी को रोजगार और स्वरोजगार के प्रभावी साधन के रूप में विकसित किया जाए। इसी उद्देश्य से क्षेत्र में उन स्थानों और संसाधनों को चिन्हित किया गया, जहां स्थानीय लोगों के लिए आजीविका के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं।

बैठक में प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में संचार व्यवस्था को मजबूत करने, यातायात सुविधाओं को दुरुस्त करने तथा भविष्य में घनसाली को रेल मार्ग से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव रखे। प्रमुख सचिव ने इन सुझावों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए और आश्वस्त किया कि घनसाली के समग्र विकास के लिए शासन स्तर पर हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## शराब प्रतिबंध

रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि विकासखंड की ग्राम पंचायत बामसू में ग्राम पंचायत और महिला मंगल दल ने सार्वजनिक रूप से शराब पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया है। ग्राम प्रधान संजय सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस संबंध में सर्व सम्मति से प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत बामसू में निजी और सार्वजनिक कार्यों में शराबबंदी का निर्णय लिया गया। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत का कोई भी परिवार अपने किसी भी कार्य में न तो शराब परोसेगा और न कोई बाहर से शराब पीकर गांव में प्रवेश करेगा। जो व्यक्ति शराब पीकर गांव में आएगा, उस पर पांच हजार एक सौ रुपये अर्थदंड लगाया जाएगा। साथ ही जिस परिवार के द्वारा  अपने किसी भी कार्य में शराब परोसी गई, तो उस पर 51 हजार रुपये जुर्माना लगाने के साथ ही सामाजिक बहिष्कार भी किया जाएगा। बैठक में महिला मंगल दल और युवक मंगल दल सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

## सपनों की उड़ान

पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज अल्मोड़ा में समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिला स्तरीय सपनों की उड़ान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जिले के 11 विकासखंडों के प्राथमिक, जूनियर और माध्यमिक स्कूलों के छात्र–छात्राओं और अभिभावकों ने भाग लिया। समग्र शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक शनि गुलाटी ने कहा कि सपनों की उड़ान कार्यक्रम में शिक्षक और अभिभावकों ने मिलकर शैक्षिक प्रदर्शनी लगाई और छात्रों और अभिभावकों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

छात्रा लीला तिवारी ने कहा कि शिक्षकों ने उन्हें कई तरह की शिक्षण अभिरुचि से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षण सामग्री पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई।

सपनों की उड़ान कार्यक्रम में अभिभावकों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपने बच्चों के साथ संस्कृति, पर्यावरण, खान–पान, स्वच्छता, जल संरक्षण और संवर्धन से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं के बौद्धिक विकास से संबंधित प्रतियोगिता भी कराई गई।

पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता

बागेश्वर जिले के कपकोट में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता सम्पन्न हो गई। प्रतियोगिता में देशभर से 92 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 78 पायलटों ने उड़ान भरते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जबकि 55 पायलटों ने प्रतियोगिता के सभी चार राउंड सफलतापूर्वक पूरे किए। प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रहे उत्तराखंड टीम के नैनीताल निवासी मनीष उप्रेती ने इस आयोजन को शानदार बताया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि इस आयोजन ने कपकोट, बागेश्वर को साहसिक पर्यटन के राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित किया है।

नगर निगम देहरादून

देहरादून नगर निगम ने नदी, नालों और सड़कों पर कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर निगम की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। उप नगर आयुक्त तनवीर सिंह मारवाह ने बताया कि जो लोग खुले में या नदी–नालों में कूड़ा फेंकते पाए जा रहे हैं, उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की जा रही है। कई स्थानों पर लोगों को मौके पर ही चेतावनी भी दी जा रही है। निगम ने आम जनता से कूड़ा केवल निर्धारित स्थानों पर ही डालने और देहरादून को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

वसंतोत्सव चमोली

चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने नगर पालिका परिषद गोपेश्वर की ओर से आयोजित होने वाले वसंतोत्सव मेले की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मेले के दौरान नगर की यातायात, स्वास्थ्य, बिजली और पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय से सभी तैयारियां पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मेले के दौरान विभागीय स्टॉलों के साथ ही स्थानीय उत्पादों और महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल लगाने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जा सके।